
हिन्दी मासिक अंक : 2 वर्ष : 14 मई 2026 ₹5/-

# अक्षय किरण

## बंगाल में बदलाव
### भाजपा की प्रचण्ड जीत

## सुशासन से समृद्धि
### बदलते राजस्थान का परिदृश्य



## राजसमंद : विकास, विश्वास और नव युग का उदय

## किरण स्मृति मंच प्रतिभा सम्मान समारोह

# उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुकरणीय उत्सव, सम्मान एवं प्रोत्साहन

–अनिल चतुर्वेदी, सम्पादक









राजसमंद – यह नाम सुनते ही मन में एक विशेष छवि उभरती है। राजसमंद झील की निर्मल लहरें, कुंभलगढ़ के प्राचीर पर लहराता शौर्य का परचम, हल्दीघाटी की रक्तरंजित मिट्टी जो वीरता की गाथाएँ कहती है, और नाथद्वारा के मंदिर की घंटियों में गूँजती भक्ति की अनुगूँज। यह क्षेत्र केवल भूगोल नहीं, एक जीवंत संस्कृति है –शौर्य, शक्ति, भक्ति और शिक्षा की अनमोल विरासत का संगम। और इसी राजसमंद की धरती पर प्रतिवर्ष एक ऐसा उत्सव होता है जो न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करता है, बल्कि एक महान आत्मा की स्मृति को जीवंत रखने का संकल्प भी दोहराता है –"राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद।"

यह आयोजन सामाजिक क्षेत्र में राजसमंद का सबसे चर्चित और प्रतीक्षित कार्यक्रम बन चुका है। किंतु इसकी जड़ें केवल उत्सव में नहीं, एक असाधारण जीवन की प्रेरणा में हैं। स्वर्गीय श्रीमती किरण माहेश्वरी – उदयपुर–राजसमंद क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद, राजसमंद विधानसभा की विधायक, राजस्थान की उच्च शिक्षा मंत्री, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष। इतने पदों की सूची किसी व्यक्ति की महानता नहीं बताती, किंतु उनके पीछे की निष्ठा, सेवाभाव और दृष्टि अवश्य बताती है।

किरण माहेश्वरी केवल राजनेत्री नहीं थीं – वे एक सांस्कृतिक चेतना थीं। राजसमंद का चौमुखी विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस अंचल को एक सशक्त केंद्र बनाने का उनका स्वप्न, और जन–जन से उनका आत्मीय संबंध – ये सब उन्हें एक जननेत्री के रूप में स्थापित करते थे। ऐसी विभूतियाँ जब इस संसार से विदा होती हैं, तो एक रिक्तता छोड़ जाती हैं जिसे भरना कठिन होता है। किंतु उनके विचार, उनके संकल्प और उनकी प्रेरणा – ये कभी नहीं मरते।

इसी भावना को साकार करने के लिए वर्ष 2022 में "किरण माहेश्वरी स्मृति मंच" की स्थापना हुई। यह मंच केवल स्मरण का माध्यम नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता और शैक्षणिक उत्कृष्टता की यात्रा को आगे बढ़ाने का संकल्प है। और इसी मंच से जन्म लिया "राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद" ने। प्रारंभिक वर्ष 2022 में 75 विद्यालयों के 400 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह एक बीज था – छोटा, किंतु सुदृढ़। 2023 में 93 विद्यालयों के 640 विद्यार्थी इस उत्सव के साक्षी बने। 2024 में तृतीय संस्करण में 78 विद्यालयों के 1540 से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों का अभिनंदन हुआ और 2025 में यह संख्या 1600 विद्यार्थियों तक पहुँच गई। यह केवल संख्याओं का विस्तार नहीं है – यह एक विचार की विजय है, एक संकल्प की परिपक्वता है।

इस उत्सव में अनेक विख्यात राजनेताओं और शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को आत्म–विकास, आत्मविश्वास और आत्म–संस्कार के माध्यम से सफलता अर्जित करने की प्रेरणा दी है। यहाँ आने वाला प्रत्येक बच्चा केवल एक प्रमाण–पत्र लेकर नहीं जाता – वह एक विचार लेकर जाता है, एक दिशा लेकर जाता है।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, जो इस आयोजन की प्रेरणाशक्ति हैं, की सोच स्पष्ट और दृढ़ है। उनका मानना है कि आत्मविश्वास, असफलता से सीखने की प्रवृत्ति और सतत परिश्रम के बल पर कोई भी लक्ष्य कितना भी दुष्कर क्यों न हो, प्राप्त किया जा सकता है। स्पष्ट लक्ष्य, अनथक परिश्रम और परिणाम की चिंता से मुक्त रहने का भाव – यही स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के जीवन का सार था। और यही सार प्रतिवर्ष इस उत्सव के माध्यम से हजारों बच्चों के हृदय में रोपा जाता है।

भारतीय परंपरा में गुरु केवल ज्ञान नहीं देता, वह जीवन देता है, दिशा देता है। "राइजिंग स्टार्स" इसी परंपरा का आधुनिक स्वरूप है। जब कोई बच्चा मंच पर खड़ा होकर सम्मान ग्रहण करता है, तो वह केवल एक पुरस्कार नहीं पाता – वह अनुभव करता है कि उसकी प्रतिभा की पहचान हुई, उसके परिश्रम को मान मिला। यही अनुभव उसके आत्मविश्वास की नींव बनता है।

किरण माहेश्वरी अब हमारे मध्य नहीं हैं, किंतु उनके स्वप्न जीवित हैं – राजसमंद के हर उस बच्चे की आँखों में जो आज "राइजिंग स्टार" बनने की राह पर है। यह उत्सव उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है – इसलिए नहीं कि उनका नाम लिया जाता है, बल्कि इसलिए कि उनका स्वप्न साकार होता है। प्रतिभा के इस विराट उत्सव में राजसमंद की मिट्टी हर वर्ष यह संकल्प दोहराती है – हम अपने सितारों को उगते देखेंगे, और उनका आकाश असीम होगा।

किरण की ज्योति बनकर आज भी प्रेरणा जगती है,
राइजिंग स्टार्स में हर प्रतिभा नई उड़ानें भरती है।
संस्कार, श्रम और साहस से जो पथ अपना चुनता है,
वही युवा कल राष्ट्र के गौरव का सूरज बनता है।

# सुशासन से समृद्धि : बदलते राजस्थान का परिदृश्य

**– दीप्ति किरण माहेश्वरी,** विधायक, राजसमंद

इतिहास साक्षी है कि किसी भी राज्य की प्रगति केवल आर्थिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व की संवेदनशीलता और नैतिक प्रतिबद्धता से मापी जाती है। दिसम्बर 2023 से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने सुशासन, स्थिरता और विकास की जिस नई यात्रा का आरंभ किया है, वह केवल प्रशासनिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जनविश्वास के पुनर्जागरण का प्रतीक है। "विकसित राजस्थान/2047" के विज़न के साथ राज्य ने विकास और अंत्योदय दोनों को समान महत्व देते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है।

भारतीय चिंतन में सुशासन का आधार न्याय और सुरक्षा को माना गया है। पिछले वर्षों में पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं के विश्वास को आहत किया था, किंतु वर्तमान सरकार ने विशेष जांच (SIT) का गठन कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की। इससे युवाओं में व्यवस्था के प्रति भरोसा पुनः स्थापित हुआ। इसके साथ ही, नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध संगठित अभियान चलाकर समाज को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया गया। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर "जीरो टॉलरेंस" की नीति ने राज्य में भयमुक्त वातावरण के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए सरकार ने रोजगार और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दिया। 1.24 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियाँ प्रदान की गईं तथा आगामी वर्षों के लिए 1.25 लाख नए पद सृजित करने की घोषणा की गई। "राजस्थान रोजगार नीति 2025" और ₹500 करोड़ के "विवेकानंद रोजगार सहायता कोष" के माध्यम से प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगारोन्मुख अवसरों को नई गति मिली। दूसरी ओर, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आवास योजना और खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से दलित, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने का प्रयास किया गया। वीबीजी राम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक गांव और वार्ड के लिए विकास योजनाएँ तैयार करना जनभागीदारी आधारित विकास की नई सोच को दर्शाता है।

महिला और बाल विकास के क्षेत्र में भी राज्य सरकार ने संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया। "लाड़ो प्रोत्साहन योजना" के तहत लाखों












बालिकाओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर बेटियों के जन्म को सम्मान देने का प्रयास किया गया। "प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना" से गर्भवती महिलाओं तक सहायता पहुँचाई गई तथा "मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना" के माध्यम से महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। वहीं, "सीएम अमृत आहार योजना" के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषण उपलब्ध कराना भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

जल सुरक्षा और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी राजस्थान ने महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) को गति देने के लिए केंद्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच हुआ समझौता राज्य के 21 जिलों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगा। "मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0" और "कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान" के माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया। दूसरी ओर, "राइजिंग राजस्थान" ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में ₹34 लाख करोड़ से अधिक के निवेश समझौतों ने राज्य को निवेश और उद्योग के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया। सड़क, परिवहन और जयपुर मेट्रो विस्तार जैसी परियोजनाओं ने विकास को नई गति दी, जबकि डेटा सेंटर, एक्सपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी नीतियों ने आधुनिक उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया।

कृषि और सहकारिता के क्षेत्र में सरकार का दृष्टिकोण किसान–केंद्रित रहा। पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर किसानों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी गई। "पीएम कुसुम योजना" के माध्यम से सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई को बढ़ावा मिला और खेतों की तारबंदी के लिए अनुदान बढ़ाया गया। बाजरा और श्रीअन्न के प्रसंस्करण को प्रोत्साहित कर किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग से खेती को आधुनिक स्वरूप मिला।

सहकारिता क्षेत्र में ब्याज मुक्त फसली ऋण, PACS डिजिटलीकरण और पारदर्शी खरीद व्यवस्था ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ऑनलाइन खरीद और DBT के माध्यम से सीधे भुगतान ने किसानों को बिचौलियों से राहत दिलाई। "गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना" ने पशुपालकों और डेयरी किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया।

# राजसमंद : विकास, विश्वास और नए युग का उदय

**–विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी की कलम से**







राजसमंद आज केवल राजस्थान का एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि विकास, जनविश्वास और दूरदर्शी नेतृत्व का जीवंत उदाहरण बन चुका है। अरावली की सुरम्य वादियों के मध्य स्थित यह क्षेत्र अब आधुनिक आधारभूत संरचना, बेहतर जनसुविधाओं और सतत विकास के नए मानदंड स्थापित कर रहा है। प्रदेश के तेजी से विकसित होते विधानसभा क्षेत्रों में राजसमंद अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्नत सड़क मार्गों ने इसे राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख नगरों से सशक्त रूप से जोड़ दिया है।

रेल संपर्क के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक परिवर्तन का दौर प्रारंभ हो चुका है। मावली से मारवाड़ जंक्शन रेलमार्ग के अमान परिवर्तन कार्य का प्रथम चरण इसी वर्ष पूर्ण होने जा रहा है, जिससे कांकरोली का संपर्क उदयपुर और चित्तौड़ के माध्यम से पूरे देश से सहज रूप से स्थापित होगा। द्वितीय चरण की स्वीकृति भी आगामी बजट में मिलने की पूर्ण संभावना है। यह केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन संभावनाओं को नई गति देने वाला परिवर्तन है।

राजसमंद की पहचान आज पूरे देश में स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के सपनों और उनके समर्पित जनसेवा भाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने जिस विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राजसमंद का स्वप्न देखा था, आज वह तेजी से साकार हो रहा है। विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलदाय, सिंचाई, पर्यटन, सड़क और नगरीय विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य निरंतर प्रगति पर हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। कुंवारिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया है, जबकि राज्यावास उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कार्य जारी है। कांकरोली स्थित कमला नेहरू हॉस्पिटल को सेटेलाइट हॉस्पिटल का स्वरूप दिया जा रहा है। आर.के. जिला चिकित्सालय को 200 बेड में क्रमोन्नत कर वर्तमान में 250 बेड तक संचालित किया जा रहा है तथा यहां कार्डियक यूनिट की स्थापना भी की जा रही है। इससे क्षेत्रवासियों को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी राजसमंद नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। जिला मुख्यालय पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना युवाओं को आधुनिक कृषि शिक्षा और शोध के अवसर प्रदान करेगी। वहीं सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र तथा व्यावसायिक प्रशासन जैसे नए विषयों की घोषणा शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेगी।

नगर विकास की दृष्टि से राजसमंद शहर का ड्रेनेज प्लान, मुख्य सड़कों का सौंदर्यीकरण तथा इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य आधुनिक नगर व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम है। टाउनहॉल निर्माण का कार्य भी अंतिम चरण में है, जो सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

जल प्रबंधन और सिंचाई के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। मोही, कुंवारिया और बड़ारड़ा पंचायतों में करोड़ों रुपए की जलापूर्ति संवर्धन योजनाएं प्रगतिरत हैं। राजसमंद बांध में जल उपलब्धता बढ़ाने हेतु खारी फीडर क्षमता वृद्धि के लिए 121 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। सांगठ बांध, नहर प्रणाली तथा राजसमंद झील की कैनालों के सुदृढ़ीकरण से किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा।

सड़क निर्माण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा कई कार्य तेजी से प्रगतिरत हैं। गांवों को बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ने के साथ–साथ अटल पथ, कॉजवे निर्माण और सड़क चौड़ीकरण कार्यों से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है।

उद्योग और पर्यटन की दृष्टि से भी राजसमंद नई पहचान बना रहा है। मार्बल और ग्रेनाइट उद्योग के लिए स्टोन मंडी की स्थापना क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। प्रभु श्रीद्वारकाधीश मंदिर के विकास कार्य, पिपलांत्री पर्यटन विकास योजना तथा प्रस्तावित रोपवे और रिंग रोड परियोजनाएं राजसमंद को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान प्रदान करेंगी।

राजसमंद का यह विकास केवल निर्माण कार्यों का आंकड़ा नहीं, बल्कि जनविश्वास, सुशासन और समर्पित सेवा का परिणाम है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचे और राजसमंद आने वाले वर्षों में राजस्थान ही नहीं, पूरे देश के लिए आदर्श विकास मॉडल के रूप में स्थापित हो।



GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

# मातृत्व के हर पड़ाव पर सुरक्षा और विश्वास



## स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
## गीतांजली हॉस्पिटल

- अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं **क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट**
- **PCOD, मासिक धर्म संबंधी** एवं **बांझपन संबंधी** समस्याएं
- **24x7 सामान्य और सिजेरियन** प्रसव की सुविधा
- **दर्द रहित प्रसव** की सुविधा (Painless Delivery)
- **उच्च जोखिम** गर्भावस्था प्रबंधन (प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरांत)
- **प्रीमैच्योरिटी** एवं **लो वेट** बर्थ मैनेजमेंट
- **गर्भस्थ शिशु** की सुरक्षित देखभाल (ANC care)

***नि:शुल्क डिलीवरी सुविधा**

**लेप्रोस्कोपी व एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी**

*नियम एवं शर्तें लागू

### स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- डॉ. मधुबाला चौहान
- डॉ. अनुपमा हाड़ा
- डॉ. दिव्या चौधरी
- डॉ. नीलम तोषनीवाल
- डॉ. चंचल अरोरा
- डॉ. अंजना वर्मा
- डॉ. भामिनी जाखेटिया
- डॉ. कंचन यादव
- डॉ. पूजा नायक
- डॉ. शब्दिका कुलश्रेष्ठ
- डॉ. राजकुमारी सामर
- डॉ. कोलीन जैन
- डॉ. पूजा वर्मा
- डॉ. नलिनी शर्मा
- डॉ. फरहीन शेख
- डॉ. मयूरी कीर्ति दवे
- डॉ. संजना
- डॉ. अर्चना कुमारी शर्मा
- डॉ. राजकुमार गुर्जर
- डॉ. ऋषिका सैनी

24×7 डॉक्टर उपलब्ध | मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर | 4D सोनोग्राफी (कलर डॉप्लर) | लेज़र एस्थेटिक गायनेकोलॉजी | वातानुकूलित (AC) मैटरनिटी कॉम्प्लेक्स | लेबर डिलीवरी रुम (LDR) | प्राइवेट ए.सी. रुम | ए.सी. वार्ड

परिवार कल्याण क्लिनिक | किशोरावस्था क्लिनिक | मेनोपोज़ (रजोनिवृत्ति) क्लिनिक | PCOD क्लिनिक | सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग | लेवल-3 28 बेड NICU

**24x7 नवजात आपातकालीन सेवाएँ**

**गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल**
एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.) - 313002

0294-2500044
www.geetanjalihospital.co.in

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | *जननी सुरक्षा योजना (JSY) | राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) | भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) | सभी सरकारी, निजी, टीपीए और बीमा योजनाओं के साथ सूचीबद्ध

# भाजपा का नारी शक्ति वन्दन अभियान

## महिला आरक्षण के विरोधी से दिखी कांग्रेस की महिला-विरोधी मानसिकता




उदयपुर। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाजपा के उदयपुर जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस द्वारा महिला आरक्षण विधेयक के विरोध की आलोचना की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल लगातार इसका विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए यह विधेयक लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। इससे अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी मजबूत होता।

विधायक ने कहा कि इस विधेयक का विरोध महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और डीएमके परिवारवादी राजनीति बचाने के लिए महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जीएसटी, तीन तलाक कानून, अनुच्छेद 370 हटाने, यूसीसी और सीएए जैसे कई जनहितकारी निर्णयों का भी विरोध किया।

पत्रकार वार्ता के अंत में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने दृढ़ संकल्प व्यक्त किया कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के इस लक्ष्य को पूरा करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा –"हमारा हौसला अटूट है, हमारा इरादा दृढ़ है और महिला आरक्षण के मार्ग में आने वाली हर बाधा को दूर किया जाएगा।"

# बामनटुंकड़ा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास




राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम पंचायत बामनटुंकड़ा में बजट घोषणा के अंतर्गत स्वीकृत केलवा–आमेट रोड (राजमहल मार्बल) से बामनटुंकड़ा तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क 3.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांवों के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजसमंद जिले के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत

राजसमंद। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब सामाजिक न्याय, समानता एवं मानव अधिकारों के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपने विचारों और संघर्षों से देश को नई दिशा प्रदान की।

अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर नगर स्थित अंबेडकर सर्किल पर आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों सहित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। उनका संदेश "खुद को शिक्षित करो, क्योंकि शिक्षा प्रगति की रीढ़ है" आज भी समाज को प्रेरित करता है।




# राष्ट्रवाद की प्रचंड विजय ने देश में राजनीति के नए युग का सूत्रपात किया

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा चुनाव परिणामों को राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास की नीतियों की ऐतिहासिक विजय बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता और असम में लगातार तीसरी बार मिली प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि जनता अब तुष्टिकरण और विभाजनकारी राजनीति को नकारकर विकास और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने



पश्चिम बंगाल के उन कार्यकर्ताओं को नमन किया, जिन्होंने हिंसा और कुशासन के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि दो पार्षदों से शुरू हुआ भाजपा का सफर आज 207 सीटों तक पहुंचना संगठन की मजबूती को दर्शाता है।

रविवार को विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बांसवाड़ा स्थित माँ त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

# प्रतिभा को प्रोत्साहन : युवा कैलाश सालवी को दी अध्ययन सामग्री



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने घाटी निवासी प्रतिभाशाली युवा कैलाश सालवी से आत्मीय भेंट कर उनकी यूपीएससी तैयारी और लक्ष्य के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और कमजोर आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद कैलाश की मेहनत और लगन प्रेरणादायक है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि कैलाश की प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें यूपीएससी की तैयारी हेतु आवश्यक अध्ययन सामग्री एवं पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई हैं, ताकि वे अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है।

उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे युवा भविष्य में राष्ट्र निर्माण और देश सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा और 'क्लाइमेट स्मार्ट इंडिया' से बदलेगा भविष्य



राजसमंद। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि बेंगलुरु में क्लाइमेट पार्लियामेंट प्रतिनिधिमंडल के साथ उनका दौरा ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और नवाचार के विभिन्न आयामों को करीब से समझा। उन्होंने बताया कि पीन्या औद्योगिक क्लस्टर में छोटे एवं मध्यम उद्योगों द्वारा अपनाए जा रहे ऊर्जा समाधान उत्पादन लागत कम करने के साथ आत्मनिर्भर भारत को मजबूती दे रहे हैं।

त्रिवेणी टर्बाइन्स में विकसित $CO_2$ आधारित रेफ्रिजरेशन सिस्टम तथा रेनमैटर जैसे क्लाइमेट स्टार्टअप्स स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास के प्रभावी उदाहरण हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उरावु लैब्स की 'हवा से पानी' बनाने की तकनीक को राजस्थान जैसे जल संकटग्रस्त क्षेत्रों के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है।

# आर.के. चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आर.के. राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का संज्ञान लिया। निरीक्षण के समय उन्होंने चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता, पार्किंग प्रबंधन तथा मरीजों एवं परिजनों को हो रही असुविधाओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आमजन की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित करने, परिसर को अव्यवस्था से मुक्त रखने तथा मरीजों के लिए सुरक्षित एवं सुगम वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा राजसमंद के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान व सामाजिक कार्यक्रमों की रही धूम

# जन्मदिवस को जनसेवा को समर्पित किया विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने





राजसमंद। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने अपना जन्मदिवस सेवा, संस्कार और जनकल्याण के संकल्प के रूप में मनाते हुए विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। प्रज्ञा विहार, कांकरोली में किरण माहेश्वरी स्मृति मंच एवं गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क विशाल चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विधायक के 39वें जन्मदिवस पर 39 लोगों द्वारा रक्तदान भी किया गया। उन्होंने प्रातःकाल श्रीनाथजी मंदिर एवं प्रभु द्वारिकाधीश मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ में हवन अनुष्ठान में सहभागिता के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पीपली आचार्यन में तुलादान कार्यक्रम, आसोटिया गौशाला में गोसेवा तथा आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों से संवाद कर जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रज्ञा विहार, कांकरोली में सभी मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, संगठनों, गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि उनका जन्मदिवस व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति समर्पण का दिन है।

# कुंवारियां में छात्राओं को साइकिल वितरण, विद्यालय भवन हेतु ₹ 1 करोड़ की घोषणा



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, कुंवारियां में कक्षा 9वीं की बालिकाओं को निशुल्क साइकिलें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, कुंवारियां के भवन निर्माण हेतु जिला खनिज प्रतिष्ठान कोष से ₹1 करोड़ की घोषणा की। उन्होंने इसे क्षेत्र की शैक्षिक अधोसंरचना को नई दिशा देने वाला निर्णय बताया।इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक जीवन मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित और संस्कारित युवा शक्ति ही विकसित राजस्थान और सशक्त भारत की आधारशिला है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

---

# पांडोलाई में 18 करोड़ की लागत से आवासीय विद्यालय का शिलान्यास




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मोही पंचायत के ग्राम पांडोलाई में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय (सहशिक्षा) विद्यालय का शिलान्यास किया। उन्होंने इसे बजट घोषणा 2025–26 के प्रभावी क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण पहल बताया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि घुमंतू पशुपालक समुदाय के बच्चों की शिक्षा लगातार स्थानांतरण के कारण प्रभावित होती है। यह आवासीय विद्यालय उन्हें सुरक्षित, स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कर मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होगा।

उन्होंने बताया कि यह राजस्थान का पहला सहशिक्षा आधारित निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय है, जहां बालक और बालिकाओं दोनों को समान अवसर मिलेंगे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह परियोजना वंचित वर्ग के बच्चों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# रामनवमी पर पिपलांत्री को विकास कार्यों का उपहार



ग्राम पंचायत पिपलांत्री में आयोजित समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम का आदर्श सुशासन, सत्य और जनकल्याण की प्रेरणा देता है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख लगातार बढ़ी है। उन्होंने खाड़ी युद्ध से उत्पन्न ऊर्जा संकट को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। समारोह में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ₹2.51 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें धर्मेटा और उमठी में सड़क निर्माण, भील बस्तियों में सोलर पनघट एवं पाइपलाइन निर्माण तथा आरणा में ₹11 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन शामिल रहा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास रथ बना जनजागरूकता का सशक्त माध्यम



ग्राम पंचायत बोरज में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने "ग्राम विकास रथ" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सरकारी उपलब्धियों एवं नई पहलों की जानकारी आमजन तक पहुँचाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई पात्र लोग योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। "ग्राम विकास रथ" जनजागरूकता बढ़ाने और योजनाओं को घर–घर तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए कार्य कर रही है। यह यात्रा 'अंत्योदय' की भावना को साकार करने का माध्यम है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन के अनुरूप यह अभियान आत्मनिर्भर एवं समृद्ध राजस्थान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## राजसमन्द में विकास और विश्वास की लहर

# राज्यावास में विकास कार्यों को मिली नई गति-दीप्ति




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम पंचायत राज्यावास में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर श्री भैरूनाथ जी मंदिर (निमड़ी का देवरा) एवं राजपूत मोहल्ला में सामुदायिक भवन विस्तार तथा देवगांव में महिला स्नानघर का लोकार्पण किया गया। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि इन कार्यों से महिलाओं सहित स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने डीएमएफटी योजना के तहत ₹2.03 करोड़ की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी और आमजन को बेहतर उपचार सुविधा मिलेगी।

विधायक माहेश्वरी ने राज्यावास, जोधपुरा एवं पीपली आचार्यान में शोक संतप्त परिवारों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

PMCH HEALTH ADVISORS


# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज & हॉस्पिटल

विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक 1200+ बेड्स वाला मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल

NABH ACCREDITED
H-2024-1409

# यूरोलॉजी से जुड़ी समस्याओं का इलाज

## आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञ देखभाल के साथ



- किडनी स्टोन (पथरी)
- प्रोस्टेट संबंधी समस्याएँ
- बार-बार पेशाब आना / पेशाब में जलन
- पेशाब रुकना / पेशाब कम आना
- बच्चों में मूत्र संबंधी समस्याएँ
- यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन (UTI)

**50,000+ सफलतम सर्जरी**



आज ही हमारे **यूरोलॉजिस्ट** से सलाह ले!

## डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़

**MS, M.Ch. – Uro Surgery**

**यूरोलॉजिस्ट और रिकंस्ट्रक्शन सर्जन**

***10+ Years of Experience***

HELPLINE NUMBER
8690541110

भीलो का बेदला, एनएच-27, प्रताप पुरा
अंबेरी, उदयपुर, राजस्थान-313011

योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

*नियम व शर्तें लागू

# 67 करोड़ के विकास कार्यों से राजसमंद का नया सवेरा



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में 67 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने उनके प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण अंचलों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। आज का यह आयोजन सरकार की ग्रामीण विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विभिन्न विकास कार्यों में लोक निर्माण विभाग–₹60.29 करोड़, पंचायती राज विभाग–₹50 लाख, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग–₹1.59 करोड़ एवं सिंचाई विभाग–₹5.11 करोड़ के महत्वपूर्ण कार्य शामिल है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना है।

# नवीन कृषि सभागार से कृषि विकास को मिलेगी नई दिशा




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कृषि विभाग द्वारा नवनिर्मित कृषि सभागार का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक सभागार कृषि विकास, किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी केंद्र बनेगा।विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि यहां किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और वैज्ञानिक नवाचारों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी उत्पादकता, आय और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

**Facebook** kiranmaheshwari.bjp | **Instagram** kiranmaheshwari.bjp | **Twitter** kiransnm | DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

अक्षय किरण

**प्रबंधकीय कार्यालय**
**457, अम्बामाता योजना,**
**उदयपुर - 313004,**
**मो. 0294- 3551805**

प्रधान सम्पादक
**डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी**
94143 16490

सम्पादक
**अनिल चतुर्वेदी**
9414164431

सह–सम्पादक
**राजेश शर्मा**
9414786019

**प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :**
स्वत्वाधिकारी श्रीमती डिम्पल खटोड़ की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी द्वारा 457, अम्बामाता योजना, उदयपुर से प्रकाशित। मुद्रक : न्यूट्रैक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी उदयपुर। संपादक – अनिल चतुर्वेदी।

वार्षिक शुल्क – 100/–
आजीवन शुल्क – 2100/–

contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com